Bharat Temples

भज मन मेरे राम नाम तू , गुरु आज्ञा सिर धार रे, नाम सुनौका बैठ मुसाफिर जा भवसागर पार रे, Bhajans Bhakti Songs

भज मन मेरे राम नाम तू , गुरु आज्ञा सिर धार रे,
नाम सुनौका बैठ मुसाफिर जा भवसागर पार रे,

राम नाम मुद मंगल कारी , विघ्न हरे सब पातक हारी,
सांस सांस श्री राम सिमर मन पथ के संकट टार रे,
भज मन मेरे …

परम कृपालु सहायक है वो। बिनु कारन सुख दायक है वो,
केवल एक उसी के आगे। साधक बाँह पसार रे,
भज मन मेरे …

गहन अंधेरा चहुं दिश छाया ।पग पग भरमाती है माया,
जीवन पथ आलोकित कर ले ।नाम – सुदीपक बार रे,
भज मन मेरे …

परम सत्य है , परमेश्वर है ।नाम प्रकाश पुन्य निर्झर है,

उसी ज्योति से ज्योति जला निज । चहुं दिश कर उजियार रे,
भज मन मेरे ...
भज मन मेरे राम नाम तू गुरु आज्ञा सिर धार रे।

Source:
https://www.bharattemples.com/bhaj-mann-mere-ram-naam-tu-guru-aagya-ser-dhaar-re/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw